"विश्व हिंदी दिवस-2021"

# अंतरिक्ष उपयोग केंद्र

**अहमदाबाद**

शुक्रवार, 08 जनवरी 2021 | **'अपनी हिंदी परखें' प्रतियोगिता** | समय: 1430-1530

**प्र.1- दिए गए शब्दों में से शुद्ध वर्तनी (Correct Spelling) चुनिए -** अंक (10)

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | (क) | अहार | (ख) | आहार | (ग) | आहर | (घ) | अहर |
| 2. | (क) | उरिन | (ख) | उरिण | (ग) | उऋण | (घ) | ऊऋण |
| 3. | (क) | चँचलता | (ख) | चन्चलता | (ग) | चंचलता | (घ) | चांचलता |
| 4. | (क) | खयाति | (ख) | ख्याती | (ग) | ख्यति | (घ) | ख्याति |
| 5. | (क) | शरणागति | (ख) | शारणगति | (ग) | सरणगति | (घ) | षरणागति |
| 6. | (क) | वंशानुगत | (ख) | वशांनुगत | (ग) | वंशनुगत | (घ) | वषांनुगत |
| 7. | (क) | मनोदर्बल | (ख) | मनदुर्बल्य | (ग) | मनोदौर्बल्य | (घ) | मनुदुर्बल्य |
| 8. | (क) | युधिष्ठिर | (ख) | युद्दिष्ठिर | (ग) | युधिष्टर | (घ) | युदिष्ठिर |
| 9. | (क) | लभान्वित | (ख) | लाभान्वित | (ग) | लाभानवित | (घ) | लाभन्वित |
| 10. | (क) | ज्योतिर्मय | (ख) | ज्योतिमर्य | (ग) | ज्योतिम्रय | (घ) | ज्योतिमृय |

**प्र.2-रिक्त स्थान को भरने हेतु विकल्पों को सही क्रम में रखें।** अंक (10)

| | | | |
|---|---|---|---|
| **1.** | **दूसरों को अपने जीवन का ______________ का कोई ठिकाना न हो।** | | |
| य | नौका को ऐसे प्रवाह में | (क) | य र ल व |
| र | संचालक बना देना | (ख) | र ल य व |
| ल | डाल देना जिसके अंत | (ग) | र व य ल |
| व | ऐसा ही है जैसा अपनी | (घ) | ल र य व |
| **2.** | **भारत का ______________ निर्भर करता है।** | | |
| य | क्योंकि आज जो विद्यार्थी हैं, वे कल | (क) | ल य व र |
| र | उन्नति और उसका उत्थान इन्हीं पर | (ख) | य ल र व |
| ल | संपूर्ण दायित्व आज विद्यार्थियों पर है | (ग) | र व य ल |
| व | स्वतंत्र भारत के नागरिक होंगे तथा भारत की | (घ) | व र ल य |
| **3.** | **दादा साहब की सफलता से ______________ फिल्म कंपनियों की स्थापना की गई।** | | |
| य | प्रेरणा प्राप्त कर अन्य जन भी | (क) | र य व ल |
| र | तथा देखते ही देखते बंगाल व | (ख) | व य ल र |
| ल | इस व्यवसाय की ओर उन्मुख हुए | (ग) | ल र व य |
| व | महाराष्ट्र में लगभग एक दर्जन | (घ) | य ल र व |
| **4.** | **विश्व की रंग संस्कृतियों में ______________ अपना विशिष्ट स्थान रखता है।** | | |
| य | तथा अनुपम सौंदर्य दृष्टि | (क) | य र ल व |
| र | अपनी प्राचीनता, अनोखी कल्पनाशीलता | (ख) | य व र ल |
| ल | भारतीय रंगमंच | (ग) | र य व ल |
| व | के कारण आज भी | (घ) | र व य ल |
| **5.** | **मनोविज्ञान का धरातल हो ______________ आप काफी हद तक उससे मुक्त हो चुके हैं।** | | |
| य | या कि दर्शन का, दोनों यहाँ हमें | (क) | य ल र व |
| र | गुस्से के स्वरूप को भली-भांति | (ख) | व य र ल |
| ल | यही समझाएंगे कि जब आप | (ग) | य र ल व |
| व | जान जाएंगे, तो आप पाएंगे कि | (घ) | ल य र व |

**प्र.3- विलोम शब्द चुनिए।** अंक (05)

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | **अंत** | (क) | शुरू | (ख) | आदि | (ग) | अनादि | (घ) | चालू |
| 2. | **यायावर** | (क) | पथिक | (ख) | स्थिर | (ग) | पर्यटक | (घ) | भिखारी |
| 3. | **पुरातन** | (क) | प्राचीन | (ख) | अधुनातन | (ग) | जीर्ण | (घ) | जर्जर |
| 4. | **तिमिर** | (क) | प्रकाश | (ख) | तम | (ग) | अंधकार | (घ) | अदृश्य |
| 5. | **परमार्थ** | (क) | कृतघ्न | (ख) | स्वार्थ | (ग) | बुराई | (घ) | चालाकी |

**प्र.4- कवि/ लेखक के सामने दी गई कृति/ पंक्ति उसके द्वारा रचित नहीं है। अंक (10)**

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | सुमित्रानंदन पन्त | (क) | चिदंबरा | (ख) | हार | (ग) | लोकायतन | (घ) | पथ के साथी |
| 2. | अज्ञेय | (क) | पारिजात | (ख) | क्वांर की बयार | (ग) | प्रथम किरण | (घ) | मैंने आहुति बनकर देखा |
| 3. | भारतेंदु हरिश्चंद्र | (क) | अंधेर नगरी | (ख) | कश्मीर कुसुम | (ग) | प्रेम माधुरी | (घ) | प्रयाणगीत |
| 4. | रामधारी सिंह दिनकर | (क) | कुरुक्षेत्र | (ख) | गीतिका | (ग) | रश्मिरथी | (घ) | उर्वशी |
| 5. | रसखान | (क) | सेस गनेस महेस दिनेस | (ख) | कान्ह भये बस बाँसुरी के | (ग) | निरधन को धनि राम | (घ) | आवत हैं बन ते मनमोहन |
| 6. | मैथलीशरण गुप्त | (क) | नर हो न निराश करो मन को | (ख) | दिन जल्दी-जल्दी ढलता है | (ग) | निरख सखी ये खंजन आये | (घ) | सखी वे मुझसे कहकर जाते |
| 7. | गोपालदास नीरज | (क) | छिप-छिप अश्रु बहाने वालो | (ख) | मेरा गीत दिया बन जाये | (ग) | यदि मैं होता घन सावन का | (घ) | मरा हूँ हज़ार मरण |
| 8. | महादेवी वर्मा | (क) | तुम मुझे पूछते हो | (ख) | नीर भरी दुःख की बदली | (ग) | जीवन विरह का जलजात | (घ) | मधुर मधुर मेरे दीपक जल |
| 9. | शिवमंगल सिंह | (क) | हम पंक्षी उन्मुक्त गगन के | (ख) | क्या आकाश उतर आया है | (ग) | मैं बढ़ा ही जा रहा हूँ | (घ) | पर आखें नहीं भरी |
| 10. | रहीम | (क) | समय पाय फल होत है | (ख) | वृक्ष कबहूँ नहीं फल भखैं | (ग) | साधु सराहे साधुता | (घ) | सतगुरु हम सूं रीझि करि |

**प्रश्न 5- दिए गए प्रश्नों का उत्तर से मिलान कीजिए। अंक (10)**

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 1. | डेकू द्वारा प्रकाशित हिंदी पत्रिका का नाम है, “डेकू .........” | ङ | क. | 50 |
| 2. | संघ सरकार कामकाज में ............... अंकों के अंतर्राष्ट्रीय रूप का प्रयोग किया जाता है? | झ | ख. | हिंदी शिक्षण योजना |
| 3. | अंतरिक्ष विभाग/ इसरो की हिंदी पत्रिका का नाम क्या है? | घ | ग. | 300 |
| 4. | केंद्र की हिंदी गृह-पत्रिका में प्रकाशित होने वाली प्रत्येक रचना को न्यूनतम कितनी पुरस्कार राशि प्रदान की जाती है? | ग | घ. | दिशा |
| 5. | अंतरिक्ष विभाग की प्रोत्साहन योजना के अंतर्गत वार्षिक योजना में अधिकतम कितने पुरस्कार प्रदान किए जा सकते हैं? | क | ङ. | दर्पण |
| 6. | केंद्रीय हिंदी समिति के अध्यक्ष होते हैं? | च | च. | भारत के प्रधानमंत्री |
| 7. | हिंदी के कार्यसाधक ज्ञान और प्रवीणता को किसमें परिभाषित किया गया है? | ञ | छ. | भारत के राष्ट्रपति |
| 8. | प्रबोध, प्रवीण आदि परीक्षाएँ आयोजित करने वाली संस्था का नाम | ख | ज. | तिमाही |
| 9. | संसदीय राजभाषा समिति का गठन किसके द्वारा किया जाता है? | छ | झ. | भारतीय |
| 10. | हिंदी के प्रगामी प्रयोग संबंधी रिपोर्ट प्रस्तुत करने की अवधि है? | ज | ञ. | राजभाषा नियमावली |

**प्र.6- (क)रिक्त स्थान के लिए सही विकल्प चुनिए। अंक (05)**

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | बातहिं हाथी पाइए बातहिं --- पांव। | क) साथी | ख) हाथी | ग) पकड़े | घ) टूटे |
| 2. | नाचे कूदे बानरा ----- मदारी खाय। | क) फल | ख) डांट | ग) माल | घ) भाव |
| 3. | फकीर अपनी --- में मस्त | क) कमली | ख) झोली | ग) फकीरी | घ) गरीबी |
| 4. | पढ़े फारसी बेचे ---, जे देखो कुदरत का खेल | क) हिंदी | ख) अंग्रेजी | ग) तेल | घ) रेल |
| 5. | हँसता ठाकुर खाँसता --- , इन दोनों का आया छोर | क) मोर | ख) चोर | ग) और | घ) शोर |

**(ख) लोकोक्ति/ मुहावरे का उचित भावार्थ बताने वाला विकल्प चुनिए। अंक (05)**

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | हौल बैठना | क) धीरे से बैठना | ख) दिल भारी होना | ग) बाहर बैठना | घ) डर पैदा होना |
| 2. | शंख फूँकना | क) जला देना | ख) उत्साह की भावना भरना | ग) आवाज़ करना | घ) निमंत्रण देना |
| 3. | कुआं खोदकर पानी पीना | क) स्वावलंबी होना | ख) कठिन परिश्रम करना | ग) असाध्य कार्य | घ) प्रतिज्ञा पूर्ण करना |
| 4. | आखों से गिर जाना | क) दिखना बंद होना | ख) इज्जत कम होना | ग) ईर्ष्या होना | घ) आखों में समस्या होना |
| 5. | आग लेने आना | क) चुनौती लेना | ख) कठिन कार्य | ग) आकर तुरंत चला जाना | घ) खबर जानना |

## प्र.7- शुद्ध वाक्य चुनिए। अंक (10)

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 1. | (क) | सेनापति एक अक्षौहिणी सैनिकों के साथ रणक्षेत्र में पहुँचा। | (ख) | सेनापति एक अक्षुण्णी सेना के साथ रणक्षेत्र में पहुँचा। |
| 2. | (क) | आपको आशीर्वाद की आवश्यकता है। | (ख) | आपका आशीर्वाद चाहिए। |
| 3. | (क) | अपराधी और निरपराधी में अंतर करना कठिन है। | (ख) | अपराध और निरपराध में अंतर करना कठिन है। |
| 4. | (क) | ईश्वर की कृपा से सानंद पहुँच गया। | (ख) | ईश्वर की कृपा से आनंदित पहुँच गया। |
| 5. | (क) | विधि द्वारा प्रवर्तनीय करार को संविदा कहते हैं। | (ख) | विधि द्वारा प्रवृत्त करार को संविदा कहते हैं। |
| 6. | (क) | उसने बुद्धिमानी का काम किया। | (ख) | उसने बुद्धिमाननीय काम किया। |
| 7. | (क) | मेरे पास कुछ पैत्रिक संपत्ति है। | (ख) | मेरे पास कुछ पैतृक संपत्ति है। |
| 8. | (क) | रविवार को सप्ताहिक अवकाश रहता है। | (ख) | रविवार को साप्ताहिक अवकाश रहता है। |
| 9. | (क) | उसे देखकर मेरी होश उड़ गया। | (ख) | उसे देखकर मेरे होश उड़ गए। |
| 10. | (क) | आप अपने घर जाएँ। | (ख) | आप आपके घर जाएँ। |

## प्र.8(क) - रिक्त स्थान की पूर्ति के लिए सही विकल्प चुनिए। अंक (05)

अंतरिक्ष विज्ञान के क्षेत्र में विक्रम की रूचि और उनकी अन्तर्राष्ट्रीय पहुँच को देखते हुए स्पष्ट रूप से कहा जा सकता है कि अंतरिक्षीय प्रयोगों के लिए _______ 1. *[(क)रॉकेटों, (ख)तोपों, (ग)ट्रेनों]* के प्रयोग की सम्भावना उनके लिए काफी महत्वपूर्ण और रोचक थी। परन्तु सच्चाई यह थी कि उस समय कृत्रिम उपग्रह या रॉकेट प्रक्षेपण के विकास की बात तो _____ 2. [*(क)पास, (ख)दूर, (ग)निकट*] एक साधारण रॉकेट के बारे में सोचना भी मुश्किल काम लग रहा था।

रस्तोगी के अनुसार, पी.आर.एल. में विक्रम के सह-निदेशक रामनाथन स्वयं भी इस विषय में _____ 3. [*(क)निरस्त, (ख)विश्वस्त, (ग)आश्वस्त]* नहीं थे। 'वह अभी बहुत छोटे हैं। उन्हें सरकार की कार्य-प्रणाली की जानकारी नहीं है। न तो उन्हें धन मिल पाएगा और न ही संस्थान के वैज्ञानिक ऐसा होने देंगे।' - ये शब्द विक्रम के बारे में रामनाथन के हैं। लेकिन रामनाथन ने संभवतः होमी _____ 4. [*(क)अंबालाल, (ख)जहाँगीर, (ग)ज़मीर*] भाभा की शक्ति और कुशलता की और ध्यान नहीं दिया था जो इस कार्य में विक्रम के सबसे प्रभावी एवं विश्वसनीय साथी थे।

ऐसा माना जाता है कि भारतीय विज्ञान के दोनों उदीयमान _____ **5.** *[(क)सितारे (ख)बिचारे (ग)प्यारे]* विक्रम और भाभा - बंगलौर में अपने युवाकाल में भविष्य के सपने बनाने में लगे हुए थे।

## (ख)- पद्यांश के आधार पर प्रस्तुत प्रश्नों के लिए सही उत्तर चुनिए। अंक (05)

**चारुचंद्र की चंचल किरणें, खेल रहीं हैं जल थल में,**
**स्वच्छ चाँदनी बिछी हुई है अवनि और अम्बर तल में।**
**पुलक प्रकट करती है धरती, हरित तृणों की नोकों से,**
**मानों झीम रहे हैं तरु भी, मन्द पवन के झोंकों से॥**

**पंचवटी की छाया में है, सुन्दर पर्ण-कुटीर बना,**
**जिसके सम्मुख स्वच्छ शिला पर, धीर वीर निर्भीकमना,**
**जाग रहा यह कौन धनुर्धर, जब कि भुवन भर सोता है?**
**भोगी कुसुमायुध योगी-सा, बना दृष्टिगत होता है॥**

**किस व्रत में है व्रती वीर यह, निद्रा का यों त्याग किये,**
**राजभोग्य के योग्य विपिन में, बैठा आज विराग लिये।**
**बना हुआ है प्रहरी जिसका, उस कुटीर में क्या धन है,**
**जिसकी रक्षा में रत इसका, तन है, मन है, जीवन है!**

**मर्त्यलोक-मालिन्य मेटने, स्वामि-संग जो आई है,**
**तीन लोक की लक्ष्मी ने यह, कुटी आज अपनाई है।**
**वीर-वंश की लाज यही है, फिर क्यों वीर न हो प्रहरी,**
**विजन देश है निशा शेष है, निशाचरी माया ठहरी॥**

| **पद्यांश से प्रश्न** | | क) | ख) | ग) | घ) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | इस कविता का सन्दर्भ किस पौराणिक प्रसंग से है? | महाभारत | राम वनवास | लंका दहन | गीता सार |
| 2. | "... अवनि और अम्बर तल में।" पंक्ति में "अवनि" का क्या अर्थ है? | वन | पृथ्वी | पुष्प | तालाब |
| 3. | "जाग रहा यह कौन धनुर्धर, जब कि भुवन भर सोता है?" पंक्ति में कवि का 'धनुर्धर' से किसका अभिप्राय है? | राम | पांडव | भरत | **लक्ष्मण** |
| 4. | पंक्ति "मर्त्यलोक-मालिन्य मेटने, स्वामि-संग जो आई है", कवि ने किस पात्र के लिए लिखी है? | सीता | द्रौपदी | मंदोदरी | गांधारी |
| 5. | "वीर-वंश की लाज यही है, फिर क्यों वीर न हो प्रहरी" से कवि का आशय यहाँ क्या है? | नारी-रक्षा | निशाचर वध | युद्ध करना | लजाना या शर्म करना |

**प्र.9- निम्नलिखित प्रश्नों के सही उत्तर चुनिए।** **अंक (10)**

| प्रश्न | | (क) | (ख) | (ग) | (घ) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | सौर एक्स-रे स्पेक्ट्रोमीटर नीतभार किस अभियान से सम्बंधित है? | आदित्य-एल.-1 | एस्ट्रोसैट | **जीसैट -2** | चंद्रयान-2 |
| 2. | गत माह निम्न में से कौन सी दुर्लभ खगोलीय घटना घटी? | चंद्रग्रहण | सूर्यग्रहण | उल्कापात | **गुरु-शनि संगमन** |
| 3. | यहाँ दिए गए काल-खंड/दिनांक में से कौन सा भारतीय अंतरिक्ष विभाग से सम्बन्धित नहीं है? | 12 अगस्त 2019 | 4-10 अक्टूबर | **11 मई 1998** | 15 अगस्त 1969 |
| 4. | इसरो द्वारा किसी अन्य ग्रह पर भविष्य में संभावित अभियान है। | गगनयान | **शुक्रयान** | आदित्य-एल.-1 | मंगलयान |
| 5. | निम्न में से कौन सैक के पूर्व निदेशक नहीं थे? | प्रो.यशपाल | प्रो.एन.पन्त | **डॉ. रामरतन** | डॉ.ए.के.एस. गोपालन |
| 6. | किस अभियान की कक्षा ध्रुवीय नहीं है? | कार्टोसैट श्रृंखला | चंद्रयान-2 | **एस्ट्रोसैट** | रिसोर्ससैट |
| 7. | निम्न में से कहाँ पर उपग्रह रखरखाव दूरमिति प्राप्त नहीं होती? | बेंगलुरू | हासन | लखनऊ | **त्रिवेन्द्रम** |
| 8. | इसरो के IRNSS श्रृंखला के उपग्रहों का मुख्य उपयोग क्षेत्र क्या है ? | मौसम पूर्वानुमान | **नौवहन** | आपदा प्रबंधन | दूर संचार |
| 9. | प्रमोचन दिनांक के अनुसार निम्न अभियानों का पुराने से नए के कालक्रम में है : 1) इन्सैट-2ई, 2) जीसैट-3, 3) कार्टोसैट2, 4) भास्कर-II | 1,2,3,4 | 3,2,1,4 | 3,4,1,2 | **4,1,2,3** |
| 10 | सैक द्वारा अभिकल्पित, संविरचित प्रथम प्रायोगिक संचार उपग्रह कौन सा है ? | **एप्पल** | आर्यभट्ट | भास्कर | रोहिणी |

**प्र.10- निम्नलिखित अभिव्यक्तियों के सही भाव को बताने वाला शब्द चुनिए।** **अंक (10)**

| अभिव्यक्तियाँ | | (क) | (ख) | (ग) | (घ) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | जिसके अंदर या पास न पहुँचा जा सके | **अगम्य** | कठिन | अभेद | अगवानी |
| 2. | जो कभी बूढ़ा न हो | अगम | अमर | वयोवृद्ध | **अजर** |
| 3. | अत्याचार करने वाला | आततायी | धूर्त | शोषक | दुष्ट |
| 4. | जिसे बुलाया न गया हो | आगंतुक | अनाहूत | स्वतःगामी | अतिथि |
| 5. | जिसका चित्त दूसरी ओर हो | चंचल | उद्विग्न | व्यग्र | अन्यमनस्क |
| 6. | कार्य में मग्न | संलग्न | तत्पर | चालू | तल्लीन |
| 7. | जंगल की आग | बड़वानल | दावानल | जठरानल | लपट |
| 8. | अनुचित बात के लिए आग्रह करना | जिद | हठ | अनुरोध | दुराग्रह |
| 9. | समाज या जाति से हुक्का पानी बंद | तिरस्कृत | बहिष्कृत | अपनामित | त्यक्त |
| 10. | आधे से ज्यादा लोगों की मिलकर एक राय | सहमति | सर्वसम्मति | बहुमत | मान्यता प्राप्त |

**प्र.11- कवि के समक्ष दर्शायी गई कौन-सी रचना उनके द्वारा रचित नहीं है? सही विकल्प चुनें। अंक (05)**

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1. |  हरिवंश राय बच्चन | क. | मृदु भावों के अंगूरों की आज बना लाया हाला,<br>प्रियतम, अपने ही हाथों से आज पिलाऊँगा प्याला। |
| | | ख. | कुछ किए बिना जय-जयकार नहीं होती<br>कोशिश करने वालों की कभी हार नहीं होती। |
| | | ग. | तू न थकेगा कभी तू न रुकेगा कभी, तू न मुड़ेगा कभी<br>कर शपथ, कर शपथ, कर शपथ। अग्निपथ अग्निपथ अग्निपथ |
| | | घ. | अबंर के आंगन में देखो, कितने इसके तारे टूटे, कितने इसके प्यारे छूटे।<br>जो छूट गए फिर कहाँ मिले, पर बोलो टूटे तारों पर कब अंबर शोक मनाता है। |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 2. | <br>महादेवी वर्मा | क. | मैं नीर भरी दुःख की बदली,<br>उमड़ी कल थी मिट आज चली। |
| | | ख. | जो तुम आ जाते एक बार<br>कितनी करुणा कितने संदेश<br>पथ में बिछ जाते बन पराग |
| | | ग. | वे मुस्काते फूल, नहीं जिनको आता है मुरझाना।<br>वे तारों के दीप, नहीं जिनको आता है बुझ जाना।। |
| | | घ. | सखी वे मुझसे कहकर जाते,<br>कह तो क्या मुझको वे अपनी पथबाधा ही पाते? |
| 3. | <br>रामधारी सिंह दिनकर | क. | जब नाश मनुज पर छाता है, पहले विवेक मर जाता है।<br>तुम स्वयं मृत्यु के मुख पर चरण धरो रे, जीना हो तो मरने से नहीं डरो रे। |
| | | ख. | कह उनसे झुके अगर तो जग में यश पाएंगे,<br>अड़े रहे अगर तो ऐरावत पत्ते से बह जाएंगे। |
| | | ग. | समर शेष है, नहीं पाप का भागी केवल व्याध।<br>जो तटस्थ हैं, समय लिखेगा उनके भी अपराध।। |
| | | घ. | यही पशु प्रवृत्ति है कि आप आप ही चरे,<br>वही मुनुष्य है कि जो, मनुष्य के लिए मरे।। |
| 4. | <br>सूर्यकांत त्रिपाठी निराला | क. | वह तोड़ती पत्थर<br>देखा मैंने उसे,<br>इलाहाबाद के पथ पर<br>वह तोड़ती पत्थर।। |
| | | ख. | पेट पीठ मिलकर है एक,<br>चल रहा लकुटिया टेक।<br>मुट्ठी भर दाने को भूख मिटाने को। |
| | | ग. | छिप-छिप कर अश्रु बहाने वालो, मोती व्यर्थ लुटाने वालो<br>कुछ सपनों के मर जाने से जीवन नहीं मरा करता।। |
| | | घ. | अभी न होगा मेरा अंत अभी-अभी तो आया है<br>मेरे वन में मृदुल बसंत अभी न होगा मेरा अंत |
| 5. | <br>राष्ट्रकवि मैथिलीशरण गुप्त | क. | जो भरा नहीं है भावों से जिसमें बहती रसधार नहीं<br>वह हृदय नहीं है पत्थर है, जिसमें स्वदेश का प्यार नहीं। |
| | | ख. | नर हो, न निराश करो मन को<br>कुछ काम करो कुछ काम करो,<br>जग में रह कर कुछ नाम करो। |
| | | ग. | मुझे तोड़ लेना वनमाली उस पथ पर देना तुम फेंक,<br>मातृभूमि पर शीश चढ़ाने जिस पथ जाएं वीर अनेक।। |
| | | घ. | राम तुम्हारा जीवन स्वयं ही काव्य है<br>कोई कवि बन जाए सहज संभाव्य है। |